## खबर संक्षेप



### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की बैठक में हुए कई निर्णय

**बेमेतरा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला बेमेतरा की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे के कक्ष में आहुत हुई। बैठक में सत्र 2024-25 में स्काउट गाइड गतिविधि को आगे बढ़ाने की दिशा में किए जाने वाले शिविरों, कार्यक्रमों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। बैठक में अंशदान पंजीयन शत-प्रतिशत किए जाने विकासखंड स्तर पर करने का निर्णय लिया गया। अगस्त में कब बुलबुल, स्काउट गाइड, रोवर रेंजर की तृतीय सोपान, निपुण जांच शिविर, बेसिक प्रशिक्षण स्काउटर गाइडर हेतु, रोवर रेंजर हेतु यूथ फोरम आयोजित किया जाना प्रस्तावित किया गया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त महेश साहू ने जिला प्रशिक्षण केंद्र हेतु अंधियारखोर में बनाने हेतु प्रस्ताव दिया, जिसे जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सहमति दी गई। बैठक का संचालन सत्यनारायण साहू जिला सचिव ने किया।

### कृषि कॉलेज में पीएम फसल बीमा योजना पर हुई कार्यशाला



**बेमेतर।** रेवेन्द्र सिंह वर्मा, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ढोलिया में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर की देखरेख में की गई। इस कार्यशाला में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्याम लाल साहू एवं बजाज अलियांज जनरल इन्सोरेंस के टुकेश्वर निषाद, चीत्रेन वर्मा, अभिलाष सिंग एवं समूह प्रबंधक विरेन्द्र शर्मा द्वारा फसल संरक्षण एवं फसल बीमा योजना संबंधी विभिन्न जानकारी देने के लिए उपस्थित हुए। उन्होंने बताया की खरीफ 2024 मौसम हेतु फसल बीमा के लिए अधिसूचित फसले जैसे - धान (सिंचित-असिंचित) मक्का, उड़द, अरहर, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन, कोदो, कुटकी, रागी के लिए बीमांकित राशि एवं प्रीमियम राशि के बारे में जानकारी प्रदान की। श्री चित्रेन वर्मा नें छात्र-छात्राओं को फसल बीमा के लिए आधारभूत जानकारी एवं आवश्यकताओं जैसे - बैंक पास बुक, आधार कार्ड, फसल बुआई प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में बताया और साथ-साथ फसल बीमा से किसानों को होने वाले लाभ, बीमा क्यूं किया जाये, बीमा लेने के बाद नुकसान से कैसे बच सकते हैं, प्रत्येक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कार्यशाला बैठक में उपस्थित विद्यार्थियों को किसानों को योजना के लाभ, प्रीमियम भुगतान, दावा प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को योजना के प्रति जागरूक करना और उनकी फसल को सुरक्षित रखने के उपायों पर चर्चा करना था, इस कार्यशाला में कृषि महाविद्यालय के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।







## आफत की बारिश: लगातार छठवें दिन भी जारी रही तेज बरसात

# जिला का अधिकांश इलाका पानी-पानी, नदी नाले उफान पर, स्कूलों में 3 दिन की छुट्टी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में लगातार झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त- व्यस्त हो गया है। भारी बारिश के चलते स्कूलों में 27 से 29 जुलाई तक अवकाश की बेमेतरा कलेक्टर ने की घोषणा की है। निरंतर पांचवें दिन जोरदार बारिश से अंचल के चारों ब्लॉक एक तरह से पानी-पानी हो गया। निचली बस्तियों के साथ साथ कालोनियों के घरों में पानी भरने से नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। नदी नालों में पुल-पुलिया से पानी उपर बह रहा है। थान खम्हरिया से सिल्हाटी तथा दुर्ग मार्ग के नकटा नाला मार्ग के नाले के उपर पानी बहने से यातायात प्रभावित हो रहा है।

- अतिवृष्टी के चलते निचली बस्तियों एवं कालोनियों मे भरा पानी

जिला मुख्यालय समीप ग्राम केवांछी में मूसलाधार बारिश से जलमग्न हो गया। ग्रामीण खेलन वर्मा ने बताया कि मूसलाधार बारिश से केवांछी से करचुवा मार्ग में आवाजाही दो दिनों से बाधित है। अधिक बारिश होने कि वजह से अभी कुछ किसानों की धान रोपाई नहीं हो पाई है। शिक्षक संतोष साहू एवं खेमसिंह बारले ने कहा कि शासकीय माध्यमिक शाला भराव के कारण प्रभावित हुए। करीब 100 बच्चों में से आधे बच्चे की भी उपस्थित नहीं हुए। वहीं प्रायमरी स्कूल में भी 50% बच्चे उपस्थित रहे। गौरतलब हो कि शुक्रवार सुबह से हो रही झमाझम बारिश से व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे वही कई यात्री बसें भी नहीं चली। खेत खलिहानों, तटबंधों,तालाबों व जलाशयों में लबालब पानी भर गया है। क्षेत्र में पिछले 6 दिन से हो रही बारिश से सामान्य जनजीवन को प्रभावित किया है। स्कूल जाने में बच्चों को हो रही परेशानी को देखते हुए बेमेतरा जिला कलेक्टर रणवीर शर्मा ने तीन दिन की अवकाश की घोषणा की है। इस दौरान शिक्षक अपने कार्य मे उपस्थित रहेंगे। बारिश से किसानों को काफी राहत मिली है, वही जलस्तर भी बढ़ा है। साथ ही लोवोल्टेज की समस्या से भी निजात मिली है। लगातार बारिश से कही खुशी तो कही गम देखने को मिला।

**अमोरा स्थित शिवनाथ नदी बना सेल्फी पॉइंट , दिख रही है लापरवाही:** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम अमोरा स्थित शिवनाथ नदी है। जिसके लंबे चौड़े पुल पर बड़ों से लेकर छोटे बच्चे लापरवाहीपूर्वक सेल्फी लेते हुए नजर आ जाएंगे। पुल पर लगे पाइप से टिककर अपने-अपने दोस्तों एवं परिवार के साथ सेल्फी जहां ले रहे हैं वहीं पुल के ऊपर में ही वाहनों को भी खड़ी कर रहे हैं। बहरहाल हादसा बताकर आता नहीं उसे सिर्फ बहाना चाहिए ,जिस तरह से खास कर युवा वर्ग लापरवाहीपूर्वक सेल्फी पोज ले रहे उससे कोई गंभीर दुर्घटना होने की संभावना बन सकती है।

### खास बातें

- थान खम्हरिया से सिल्हाटी तथा दुर्ग मार्ग के नकटा नाला मार्ग के नाले के उपर पानी
- केवांछी से करचुवा मार्ग में आवाजाही दो दिनों से बाधित
- किसानों का धान रोपाई का कार्य हो रहा प्रभावित
- व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे, वही कई यात्री बसें भी नहीं चलीं
- खेत खलिहान, तटबंध,तालाब व जलाशयों में भरा लबालब पानी
- कई इलाके बने टापू, शासकीय कार्यालय परिसर भी लबालब

### सेल्फी के चक्कर में जान जोखिम में डाल रहे युवा





### शाम बारिश रुकते ही, सब्जी बाजार में उमड़ी भीड़

लगातार बारिश होने से जिला मुख्यालय का हाल बेहाल हो गया है। चारों तरफ बारिश का बहता पानी आमजनों के घरों में घुस रहा है। कई इलाके टापू की तरह बन गए हैं जिसमें शासकीय प्रतिष्ठान भी शामिल है। बादल की तेज गर्जना के साथ हो रही तेज बारिश के चलते नागरिकों के ऊपर कई समस्या उत्पन्न हो रही है। शाम बारिश बंद होने के बाद आम आदमी सब्जी बाजार की ओर रुख करते रहे। जिसके चलते शहर के बाजार में काफी भीड़ रही। बारिश के चलते सब्जियों की भी कमी नजर आई जिसके चलते महंगे दामों पर सब्जी खरीदने लोग मजबूर रहे।



साजा अंचल में भी बारिश का कहर जारी





**साजा।** अंचल में भी भारी बारिश का कहर जारी है। भारी बारिश के चलते नदी नाले उफान पर आने लगे हैं। ग्राम बगलेड़ी मार्ग फिर बंद होने की स्थिति में हैं। प्रतिवर्ष होने वाली बारिश के बाद इस गांव का संपर्क पूरी तरह कट जाता है। बीते वर्ष भी यह गांव कई दिनों तक बंद रहा लेकिन प्रशासन द्वारा इससे कोई सबक नहीं लिया। जिसके चलते ग्रामीणों को फिर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं दूसरी और को दनिया कोगियाकला मार्ग बंद हो गया है।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों का होगा सुव्यवस्थित संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा एवं खंडसरा परियोजना में विभागीय गतिविधियों को सशक्त बनाने के लिए जिला स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए स्व-मूल्यांकन हेतु 22 बिंदु जिला स्तर पर तैयार कर जिले के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया। इससे आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सुव्यवस्थित एवं एक रूपता के साथ किया जा सके। 22 बिंदु के माध्यम से जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों की ग्रेडिंग भी होगी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने केंद्र की स्व-मूल्यांकन कर सकेंगे। परियोजना स्तर पर परियोजना स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका प्रशिक्षण सह परिच्यात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेश सिंह सिसोदिया, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सीपी शर्मा, बेमेतरा परियोजना अधिकारी मनोरमा साहू, खंडसरा परियोजना अधिकारी लीना दीवान, जिला बाल संरक्षण अधिकारी , संरक्षण अधिकारी सुश्री यसोदा साहू, सीएचएल परियोजन समन्वयक राजेंद्र चंद्रवंशी, ओएससी केंद्र प्रसाशक सुश्री राखी यादव, जिला कार्यालय से पोषण ट्रेकर एप्प की मास्टर ट्रेनर पर्यवेक्षक अंकिता साहू, दोनों परियोजना के समस्त परिवेक्षक, सीएचएल पर्यवेक्षक डालिमा सोनी व करिश्मा परवीन एवं दोनों परियोजनाओं के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं। इस प्रकार का आयोजन विगत दिनों परियोजना बेरला, नवागढ़, नंदघाट एवं साजा में किया जा चुका है। जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेश सिंह सिसोदिया द्वारा विभाग के योजनाओं के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा की गई, जिसमे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजन, नोनी सुरक्षा योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना के हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने हेतु कार्ययोजना का क्रियांवयन कैसे किया जाना है जिससे हमारे जिला, राज्य में प्रथम स्थान पर आ जाये पर विस्तार से जानकारी साझा किया गया। बारिश के कारण किसी भी आंगनबाड़ी केंद्रों में कोई दुर्घटना ना हो, केंद्र की साफ-सफाई, स्वच्छता, जर-जर भवनों की मरम्मत के साथ-साथ बच्चे को लाने-ले जाते समय बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की सुझाव दिया गया। साथ ही परियोजना अंतर्गत अच्छे कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रशास्ती पत्र देकर सभी का मनोबल बढ़ाया गया।

- कार्यकर्ताओं को 22 बिन्दुओं पर कार्य करने के दिये गए दिशा-निर्देश



## जिले में असाक्षरों को साक्षर बनाने अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उल्लास नवभारत साक्षर कार्यक्रम के तहत शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा में शिक्षकों और बच्चों को शपथ दिलाया गई। असाक्षरों को साक्षर बनाने का अभियान बेमेतरा जिले में जोर शोर से व योजनाबद्ध तरीके से सर्वे कर चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा में प्रार्थना स्थल पर बच्चों व शिक्षकों को साक्षरता अभियान से जुड़कर कौशल व ज्ञान का उपयोग कर शत प्रतिशत योगदान देने का अपील करते हुए शपथ दिलाई गई।

- उल्लास नवभारत साक्षर कार्यक्रम में जुड़ने छात्रों को दिलाया गई शपथ

सभी बच्चों ने शपथ में अपनी सहभागिता दी। शाला की नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस ने बताया कि शाला को समुदाय को जोड़ना ही शिक्षा सप्ताह का उद्देश्य है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चार वर्ष पूर्ण होने पर शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत हर दिन नई-नई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय खेल कूद का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिक्षा में नवीन तकनीक का प्रयोग आदि कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय में किया गया। इनके बेहतर उपयोग के लिये प्रोत्साहित भी किया गया। बच्चों के साथ मिलकर चित्र व टीएलएम बनाया गया इसमें बच्चे उत्साह पूर्वक भाग लिया। शाला की नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस के द्वारा पढ़ई तिहार के अंतर्गत माताओं एवं बच्चों के साथ विभिन्न कौशलो के विकास हेतु उपयोग मे लाई जाने वाली सामाग्री का भी प्रदर्शन इस अवसर पर किया गया। जादुई पिटारा के सबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई।

मोबाईल में ई जादुई पिटारा एप डाउनलोड करने बच्चों के माध्यम से पालकों को निवेदन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद ध्रुव, शिक्षक राधेश्याम सिंह बैस व समस्त स्टॉफ की सहभागिता रही है। सप्ताह के सभी दिवस की सम्पूर्ण क्रिया कलाप को दिनवार क्रमशः संपन्न किया गया।



### फसल बीमा कराने की अंतिम 31 तक

**बेमेतरा।** प्रदेश सरकार के कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उद्यानिकी फसलों में मौसम आधारित फसल बीमा कराने 31 जुलाई तक का समय तय किया गया है। उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे किसानों को अधिसूचित क्षेत्र के आधार पर तापमान (कम, अधिक), वर्षा (कम, अधिक बेमौसम वर्षा), वायु गति, कीट एवं व्याधि प्रकोप के अनुकूल मौसम एवं स्थानीय आपदा एवं फसल विशेष के आधार पर ओलावृष्टि खरीफ मौसम हेतु अधिसूचित फसलें मिर्च, केला एवं पपीता, चक्रवाती हवाएं खरीफ मौसम हेतु अधिसूचित फसलें केला एवं पपीता को होने वाले नुकसान से बचाने के लिये पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

### स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास, फिट रहने योग व खेल से बढ़कर और कोई संसाधन नहीं



**बेमेतरा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 4 वर्ष पूर्ण होने पर शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर विकासखंड बेरला में 22 जुलाई से शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार हर दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे है। शिक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस में टीएलएम के तहत शाला में स्थानीय सामग्री का प्रदर्शन कर कक्षा में उनके उपयोग करने हेतु स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। इसमें स्थानीय भाषा में वर्णमाला, चार्ट, वार्तालाप करने की सामाग्री तैयार करना, बड़े बुजुर्गों से स्थानीय कहानियों आदि के माध्यम से बच्चों में ज्ञानवर्धन कराया गया। शिक्षा सप्ताह के द्वितीय दिवस पर शाला में खिलौना कॉर्नर तैयार कर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों के प्रति बच्चों को जागरूक कराया गया। खिलौना कॉर्नर कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम के सरपंच प्रकाश गायकवाड़ द्वारा किया गया। शाला के शिक्षकों द्वारा बच्चों को अलग-अलग समूह में बैठाकर स्कूली भाषा एवं गणित सीखने- सिखाने की व्यवस्था किया गया, स्कूल में बच्चों के माता को एकत्र कर घर पर रहकर घर के ही सामग्री से बच्चों को ज्ञान सीखने के लिए प्रेरित किया गया।




By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक: 20 सितंबर 2024, 10 नवंबर 2024, 10 जनवरी 2025 मकर संक्राति
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्पेशल ट्रेन से 10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार


श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411